RPSC वरिष्ठ अध्यापक (माध्यमिक शिक्षा) पेपर I (सामान्य ज्ञान) 2025

100 सवाल · सही उत्तर ✓ से चिह्नित · testline.in

Q.1

जिलों के किस युग्म में, पर्यावरण संरक्षण और कचरे से संसाधन पुनर्प्राप्ति को बढ़ावा देने के लिए एक एकीकृत संसाधन पुनर्प्राप्ति पार्क विकसित किया गया है?

(A) उदयपुर तथा बूंदी
(B) दौसा तथा कोटा
(C) बूंदी तथा अलवर
(D) जयपुर तथा कोटा ✓

Q.2

निम्नलिखित तथ्यों के आधार पर नदी की पहचान कीजिए -
(A) यह बीछामेड़ा से उद्गमित होती है।
(B) गोमती तथा सारनी इसकी सहायक नदियाँ हैं।
(C) यह बेणेश्वर में संगम बनाती है।

(A) जाखम
(B) माही
(C) सोम ✓
(D) साबरमती

Q.3

निम्नलिखित युग्मों पर विचार कीजिए -

वन प्रकार (राजस्थान)	विशेषता / अवस्थिति
(A) सदाबहार और अर्द्ध-सदाबहार वन	- माउंट आबू के आसपास
(B) शुष्क सागवान वन	- डूंगरपुर, उदयपुर
(C) सालार वन	- 25-50 से.मी. वार्षिक वर्षा वाले पहाड़ी क्षेत्रों में
(D) बाँस के वन	- बाँसवाड़ा, उदयपुर, कोटा

उपर्युक्त में से कितने युग्म सही हैं?

(A) केवल तीन ✓
(B) सभी चार
(C) केवल दो
(D) केवल एक

Q.4

राजस्थान के निम्नलिखित जिलों पर विचार कीजिए - (A) अजमेर (B) टोंक (C) बूंदी (D) भीलवाड़ा. निम्नलिखित में से कौनसा उनके जनसंख्या घनत्व-2011 के अनुसार सही अवरोही क्रम में व्यवस्थित है?

(A) (A), (D), (B), (C) ✓
(B) (B), (A), (D), (C)
(C) (D), (A), (C), (B)
(D) (A), (B), (D), (C)

Q.5

महान/विशाल सीमा भ्रंश राजस्थान के निम्नलिखित में से किस जिले में स्पष्टतः दिखाई नहीं देता है?

(A) चूरू ✓
(B) धौलपुर
(C) कोटा
(D) चित्तौड़गढ़

Q.6

राजस्थान में निम्नलिखित में से कौनसा/से विशेष रूप से कमजोर जनजातीय समूह (PVTG) के रूप में नामित है/हैं? (A) भील (B) गरासिया (C) सहरिया (D) डामोर. नीचे दिए गए कूट का प्रयोग कर सही उत्तर चुनिए -

(A) केवल (C) ✓
(B) केवल (A) और (C)
(C) केवल (B), (C) और (D)
(D) केवल (A)

Q.7

राजस्थान के निम्नलिखित जिलों में से कौनसा उनके सामान्य वार्षिक वर्षा के आरोही क्रम में सही व्यवस्थित है?

(A) हनुमानगढ़, जयपुर, झालावाड़, बारां
(B) जयपुर, हनुमानगढ़, बारां, झालावाड़
(C) हनुमानगढ़, जयपुर, बारां, झालावाड़ ✓
(D) हनुमानगढ़, बारां, जयपुर, झालावाड़

Q.8

"राजस्थान ग्रामीण पर्यटन योजना 2022" के संबंध में निम्न कथनों पर विचार कीजिए - (A) योजना 5 मार्च 2022 को लागू की गई। (B) 35 लाख ₹ तक के ऋण पर 7% ब्याज सब्सिडी। (C) न्यूनतम 1 करोड़ ₹ निवेश करने वाली इकाइयों को 10 वर्ष तक एस.जी.एस.टी. का 100% का पुनर्भरण। उपर्युक्त में से कौनसा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल (A) तथा (C)
(B) केवल (C) ✓
(C) (A), (B) तथा (C)
(D) केवल (B)

Q.9

पशुगणना-2019 के अनुसार, राजस्थान में द्वितीय सर्वाधिक कुल गौवंश वाला जिला था -

(A) बीकानेर
(B) जोधपुर ✓
(C) जयपुर
(D) उदयपुर

Q.10

"माही कंचन" एवं "माही धवल" संकरित किस्में किससे संबंधित हैं?

(A) मक्का ✓
(B) ज्वार
(C) गेहूँ
(D) जौ

Q.11

निम्नांकित में से कौन "नीमड़ा भील सम्मेलन" से सम्बन्धित थे?

(A) नानाभाई खाट
(B) गोविन्द गिरि
(C) मोतीलाल तेजावत ✓
(D) मामा बालेश्वर दयाल

Q.12

प्रसिद्ध साहित्यकार कन्हैयालाल सेठिया के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -

(A) महात्मा गांधी के विचारों से प्रभावित होकर, खादी प्रचार और दलितोद्धार का कार्य किया।
(B) देशप्रेम और राष्ट्रीयता से ओतप्रोत काव्य संग्रह 'वज्र वीणा' के कारण, इन पर 1942 ई. में राजद्रोह का आरोप लगा।
(C) 2004 में इन्हें पद्मश्री सम्मान प्राप्त हुआ।

उपर्युक्त कथनों में से कौनसे सही हैं?

(A) केवल (B) और (C)
(B) केवल (A) और (C)
(C) केवल (A) और (B)
(D) (A), (B) और (C) ✓

Q.13

बूंदी के शासक विनय सिंह के सम्बन्ध में निम्नांकित कथनों का अध्ययन कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए -

(A) उन्होंने 'गुलिस्ताँ' का सुलेखन एवं चित्रांकन करवाया था।
(B) 'गुलिस्ताँ' के चित्र बलदेव एवं गुलाम अली ने बनाए थे।

(A) केवल (A) सही है
(B) (A) और (B) दोनों सही हैं
(C) केवल (B) सही है
(D) (A) और (B) दोनों सही नहीं हैं ✓

Q.14

निम्न में से कौनसे तथ्य अर्जुन लाल सेठी के विषय में सही हैं?

(A) अर्जुन लाल सेठी पर 1912 में गवर्नर जनरल लॉर्ड हार्डिंग पर बम फेंकने की योजना बनाने का आरोप लगाया गया।
(B) जयपुर के महाराजा के आदेश से उन्हें 5 वर्ष की कैद हुई।
(C) 1914 से 1920 के मध्य वे अजमेर जेल में रखे गए।
(D) जेल से रिहा होने के पश्चात् उन्होंने अजमेर को अपना राजनैतिक कार्यक्षेत्र बनाया।

सही उत्तर का चयन नीचे दिए गए विकल्पों में से कीजिए -

(A) केवल (A), (B) तथा (D) ✓
(B) केवल (A) तथा (B)
(C) केवल (A), (B) तथा (C)
(D) केवल (C) तथा (D)

Q.15

मण्डन ने कुंभलगढ़ दुर्ग की भौगोलिक परिस्थितियों का उपयोग आत्मनिर्भरता के लिये किस प्रकार किया था?

(A) उन्होंने सिंचाई हेतु एक कृत्रिम नदी का निर्माण किया।

(B) उन्होंने केवल अनाज के भण्डारण हेतु भूमिगत कक्षों का निर्माण किया।

(C) उन्होंने पहाड़ियों के बीच केवल ऊँचे बुर्ज बनाये ताकि दुश्मन न आ सके।

(D) उन्होंने भूमि के असमान चरित्र का उपयोग जलाशयों के निर्माण एवं वर्षा जल संचयन के लिये किया। ✓

Q.16

ढटकी एवं थाली निम्नलिखित में से किस बोली की उप-बोलियाँ हैं?

(A) मेवाती

(B) बागड़ी

(C) मेवाड़ी

(D) मारवाड़ी ✓

Q.17

संत पयहारी स्वामी जी व संत कील्ह दास जी किस सम्प्रदाय से सम्बन्धित संत थे?

(A) निम्बार्क सम्प्रदाय

(B) पुष्टिमार्ग सम्प्रदाय

(C) गौड़ीय सम्प्रदाय

(D) रामानन्दी सम्प्रदाय ✓

Q.18

मेवाड़ के गुहिल वंश के निम्नलिखित शासकों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर चुनिए -
(A) अपराजित
(B) शिलादित्य
(C) अल्लट
(D) नरवाहन

कूट -

(A) (D), (C), (A), (B)

(B) (B), (C), (A), (D)

(C) (A), (D), (C), (B)

(D) (B), (A), (C), (D) ✓

Q.19

राजस्थान के एकीकरण में मत्स्य संघ से सम्बन्धित कौनसा कथन असत्य है?

(A) मत्स्य संघ के राजप्रमुख, अलवर के शासक तेज सिंह बनाये गये थे। ✓

(B) फरवरी 1948 को, भारत सरकार ने एस.एन. सप्रू को भरतपुर राज्य का प्रशासक नियुक्त किया।

(C) मत्स्य संघ के उद्घाटन का विरोध भरतपुर के महाराजा के भाई मान सिंह ने किया था।

(D) के.एम. मुंशी के सुझाव पर 'मत्स्य संघ' नाम रखा गया था।

Q.20

चित्तौड़ के राजनैतिक और सामरिक इतिहास के संदर्भ में निम्नांकित कथनों पर विचार कीजिए -
(I) जैत्रसिंह ने तुर्कों के आक्रमण को रोकने के लिए चित्तौड़ को अपनी राजधानी बनाया था।
(II) अलाउद्दीन खिलजी ने चित्तौड़ पर विजय प्राप्त करने के बाद इसका प्रशासन लाखा को सौंप दिया था।
(III) हम्मीर ने वंशावादी क्रांति का लाभ उठाकर चित्तौड़ पर कब्जा किया और सिसोदिया राजवंश की नींव रखी।
उपरोक्त में से कौनसे कथन सही हैं?

(A) (I), (II) और (III) सभी
(B) केवल (II) और (III)
(C) केवल (I) और (III) ✓
(D) केवल (I) और (II)

Q.21

माणिक्य लाल वर्मा के सम्बन्ध में निम्नांकित में से कौनसा कथन असत्य है?

(A) माणिक्य लाल वर्मा एवं बलवन्त सिंह मेहता ने 1938 ई. में मेवाड़ प्रजामण्डल की स्थापना की।
(B) श्री वर्मा जी ने 1946 ई. में 'अखिल भारतीय देशी राज्य लोक परिषद्' का सातवाँ अधिवेशन उदयपुर में करवाया।
(C) इन्होंने 'मेवाड़ का वर्तमान शासन' नामक पुस्तिका का प्रकाशन किया।
(D) इन्होंने काव्य संग्रह 'गरीबों की आवाज' का संकलन किया। ✓

Q.22

महाराणा प्रताप के पास अकबर द्वारा विभिन्न मुगल अधिकारियों के नेतृत्व में भेजे गए शिष्टमण्डलों को कालक्रमानुसार व्यवस्थित करिए तथा नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही विकल्प चुनिए -
(A) भगवन्त दास
(B) मानसिंह
(C) टोडरमल
(D) जलाल खाँ

(A) (C), (A), (D), (B)
(B) (A), (B), (D), (C)
(C) (B), (A), (D), (C)
(D) (D), (B), (A), (C) ✓

Q.23

निम्नलिखित कथनों को पढ़िए एवं सही विकल्प को चुनिए -
(A) फैजल अली खान पठान ने 1857 की क्रांति में मुगल बादशाह के पुत्र की सैनिक सहायता की थी।
(B) फैजल अली खान पठान डुंडलोद ठिकाने के कामदार थे।

(A) केवल (A) सही है
(B) (A) और (B) दोनों सही हैं ✓
(C) केवल (B) सही है
(D) (A) और (B) दोनों सही नहीं हैं

Q.24

निम्नलिखित में से कौन सा/से नेता सिरोही राज्य प्रजामंडल से सम्बन्धित थे?
(A) गोकुलभाई भट्ट
(B) बाबू टेकचन्द सिन्धी
(C) सौभाग्य मल सिन्धी

(A) (A), (B) और (C) ✓
(B) केवल (B) और (C)
(C) केवल (A) और (B)
(D) केवल (A)

Q.25

निम्नलिखित में से कौनसे त्यौहारों का प्रतिवर्ष भाद्रपद माह में आयोजन होता है?
नीचे दिए गए कूट से सही विकल्प चुनिए -
(i) रक्षाबन्धन
(ii) बड़ी तीज
(iii) गणेश चतुर्थी
(iv) शरद पूर्णिमा

(A) (i), (ii), (iv)
(B) (ii), (iii) ✓
(C) (i), (iv)
(D) (i), (ii), (iii)

Q.26

निम्नांकित में से कौनसा स्थान लोक देवता मल्लिनाथ जी से सम्बन्धित है?

(A) पंचोटा
(B) बेंगटी
(C) खरनाल
(D) तिलवाड़ा ✓

Q.27

'करचोप' कढ़ाई किसे कहते हैं?

(A) जैसलमेर में मसनदों एवं छतरियों पर की जाने वाली सोने की कढ़ाई। ✓
(B) बीकानेर की जाट महिलाओं के लाल ऊनी शॉल पर की गई कढ़ाई।
(C) अलवर में मेवों द्वारा की गई महीन कढ़ाई।
(D) शेखावाटी में जाट महिलाओं के घाघरे पर की गई कढ़ाई।

Q.28

बैराठ से प्राप्त सर्वाधिक रजत मुद्राएँ निम्न में से किन शासकों की हैं?

(A) मौर्य
(B) गुप्त
(C) भारतीय-यूनानी ✓
(D) कुषाण

Q.29

निम्न में से किसने मुगलों के विरुद्ध "कंसारों की पोल की लड़ाई" लड़ी थी?

(A) राव चन्द्रसेन ✓
(B) महाराणा राज सिंह
(C) महाराणा सांगा
(D) महाराणा प्रताप

Q.30

निम्नांकित में से कौनसा एक लोक वाद्य यन्त्र समूह सुमेलित नहीं है?

(A) पुंगी, अलगोजा, नड़, मोरचंग
(B) मंजीरा, झांझ, थाली, खड़ताल
(C) रावणहत्था, जन्तर, निशान, सतारा ✓
(D) मृदंग, चंग, खंजरी, नौबत

Q.31

यदि राजस्थान लोक सेवा आयोग का अध्यक्ष/सदस्य इस्तीफा देना चाहता है तो वह अपना त्यागपत्र किसे देगा?

(A) राष्ट्रपति
(B) प्रधानमंत्री
(C) राज्यपाल ✓
(D) मुख्यमंत्री

Q.32

प्रत्येक पंचायत में अनुसूचित जातियों के लिए स्थानों के आरक्षण की बात भारत के संविधान के किस अनुच्छेद में की गई है?

(A) अनुच्छेद 243च
(B) अनुच्छेद 243घ ✓
(C) अनुच्छेद 243छ
(D) अनुच्छेद 243ज

Q.33

राजस्थान राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण का आदर्श वाक्य क्या है?

(A) 'फेयर लीगल एक्सेस फॉर ऑल'
(B) 'जस्टिस विदिन रीच फॉर ऑल'
(C) 'एक्सेस टू जस्टिस फॉर ऑल' ✓
(D) 'इक्विटेबल लीगल एक्सेस फॉर ऑल'

Q.34

मुख्यमंत्री की नियुक्ति भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत होती है-

(A) अनुच्छेद-164 ✓
(B) अनुच्छेद-154
(C) अनुच्छेद-153
(D) अनुच्छेद-163

Q.35

राजस्थान नगरपालिका अधिनियम, 2009 में राजस्थान नगरपालिका (संशोधन) अधिनियम, 2026 के द्वारा निम्नलिखित में से कौनसा परिवर्तन किया गया है?

(A) कोई व्यक्ति जिसकी दो से अधिक सन्तानें हैं वह किसी नगरपालिका का सदस्य होने के लिए निरर्हित होगा।

(B) अधिनियम में एक नयी धारा 331 अन्तःस्थापित की गई।

(C) अधिनियम में परिभाषित खतरनाक रोग की सूची में कुष्ठ रोग को बाहर कर दिया गया है। ✓

(D) अधिनियम राज्य सरकार को निर्दिष्ट आधारों पर नगरपालिका के सदस्यों को हटाने का अधिकार देता है।

Q.36

वर्ष 2025 (01.01.2025 से 31.12.2025 तक) के दौरान, राजस्थान राज्य महिला आयोग द्वारा किस प्रकार की शिकायतों के सर्वाधिक प्रकरण दर्ज किए गए?

(A) दहेज से संबंधित क्रूरता ✓

(B) हिंसा

(C) कार्यस्थल पर यौन उत्पीड़न

(D) सम्पत्ति विवाद

Q.37

राजस्थान न्यायिक सेवा नियम, 2010 (दिनांक 02.04.2024 तक यथा संशोधित) के संदर्भ में, निम्नलिखित में से कौनसा एक कथन सही नहीं है?

(A) इस सेवा में सिविल न्यायाधीश के कैडर के पदों पर भर्ती केवल सीधी भर्ती के माध्यम से की जाती है।

(B) जिला न्यायाधीश के कैडर में पचास प्रतिशत पद पदोन्नति द्वारा भरे जाते हैं। ✓

(C) जिला न्यायाधीश के लिए नियुक्ति प्राधिकारी राजस्थान के राज्यपाल होते हैं।

(D) राजस्थान न्यायिक सेवा एक राज्य सेवा है, जिसमें जिला न्यायाधीश, वरिष्ठ सिविल न्यायाधीश और सिविल न्यायाधीश के कैडर शामिल हैं।

Q.38

राजस्थान के राज्यपाल के बारे में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
(I) यदि उच्चतम न्यायालय में राजस्थान के राज्यपाल के विरुद्ध कदाचार का आरोप सिद्ध होता है, तो भारत की संसद उन्हें उनके पद से हटा सकती है।
(II) राजस्थान उच्च न्यायालय के न्यायाधीशों की नियुक्ति राजस्थान का राज्यपाल करता है।
नीचे दिए गए कूट की सहायता से सही उत्तर का चयन कीजिए -

(A) दोनों कथन (I) तथा (II) गलत हैं ✓

(B) कथन (I) गलत है किंतु (II) सही है

(C) दोनों कथन (I) तथा (II) सही हैं

(D) कथन (I) सही है किंतु (II) गलत है

Q.39

भारत के संविधान के किस अनुच्छेद के अन्तर्गत किसी राज्य में विधान परिषद सृजित अथवा उत्साहित की जा सकती है?

(A) 189

(B) 179

(C) 169 ✓

(D) 159

Q.40

राजस्थान में, संभागीय आयुक्त पद की पुनः स्थापना कब की गयी थी?

(A) 1997
(B) 1987 ✓
(C) 2009
(D) 2007

Q.41

13 मई, 2026 को राजस्थान राज्य ब्रॉडबैंड समिति (Rajasthan State Broadband Committee) की 17वीं बैठक आयोजित हुई। इसकी अध्यक्षता किसने की थी?

(A) राजस्थान दूरसंचार विभाग के उप महानिदेशक ने
(B) शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ने
(C) राजस्थान के मुख्य सचिव ने ✓
(D) विशिष्ट शासन सचिव, सूचना प्रौद्योगिकी एवं संचार विभाग ने

Q.42

ब्यूरो ऑफ इंडियन स्टैंडर्ड्स (BIS), जयपुर शाखा कार्यालय द्वारा भारतीय मानक IS 6455:2025 के अंतर्गत "सिंगल रो डीप ग्रूव बॉल बेयरिंग" के लिए अखिल भारतीय स्तर का प्रथम लाइसेंस प्रदान किया गया। ये लाइसेंस प्रदान किये गये हैं -

(A) इंडियन इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, ब्यावर को
(B) नेशनल इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, जयपुर को ✓
(C) राजस्थान इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, पाली को
(D) मरुधरा इंजीनियरिंग इंडस्ट्रीज़ लिमिटेड, अजमेर को

Q.43

राजस्थान राज्य राजमार्ग आधुनिकीकरण परियोजना के संदर्भ में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए। (राजस्थान सरकार द्वारा अप्रैल 2026 में जारी प्रेस विज्ञप्ति के अनुसार) -

कथन (A): विश्व बैंक ने इस परियोजना के लिए 225 मिलियन डॉलर के ऋण को मंजूरी दी है।

कथन (B): इस परियोजना का उद्देश्य राज्य के लगभग 1200 किलोमीटर राजमार्गों का उन्नयन करना है।

उपरोक्त में से कौनसा/से कथन सही है/हैं?

(A) केवल (B)
(B) न तो (A) ना ही (B)
(C) केवल (A)
(D) दोनों (A) तथा (B) ✓

Q.44

1 मई, 2026 को राजस्थान के कमेटी ऑफ सेक्रेटरीज (सी.ओ.एस.) की बैठक में प्रस्तुत 'इम्पैक्ट असेसमेंट ऑफ डीरेगुलेशन फेज़-I' रिपोर्ट के सन्दर्भ में निम्न कथनों पर विचार कीजिये एवं सही विकल्प चुनिए -

कथन (A): रिपोर्ट के अनुसार, उद्योगों के लिए 'व्हाइट कैटेगरी' की सूची को 104 से बढ़ाकर 677 कर दिया गया है।

कथन (B): एम.एस.एम.ई. (MSMEs) के लिए सी.टी.ई./सी.टी.ओ. (CTE/CTO) की समय सीमा को 120 दिनों से घटाकर मात्र 51 दिन कर दिया गया है।

(A) कथन (A) सत्य है तथा कथन (B) असत्य है
(B) दोनों कथन (A) तथा (B) सत्य हैं ✓
(C) दोनों कथन (A) तथा (B) असत्य हैं
(D) कथन (A) असत्य है तथा कथन (B) सत्य है

Q.45

अप्रैल 2026 में जयपुर में आयोजित अखिल भारतीय अंतर-विश्वविद्यालय हैंडबॉल (पुरुष) प्रतियोगिता के लिए निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए एवं सही विकल्प चुनिए -

कथन (A): प्रतियोगिता के फाइनल में राजस्थान विश्वविद्यालय, जयपुर ने जय नारायण व्यास विश्वविद्यालय, जोधपुर को 18-12 से हराकर प्रतियोगिता का खिताब जीता।

कथन (B): राजस्थान विश्वविद्यालय के हर दयाल को प्लेयर ऑफ द टूर्नामेंट चुना गया।

(A) कथन (A) सत्य है तथा कथन (B) असत्य है

(B) दोनों कथन (A) तथा (B) सत्य हैं ✓

(C) कथन (A) असत्य है तथा कथन (B) सत्य है

(D) दोनों कथन (A) तथा (B) असत्य हैं

Q.46

मई 2026 में वी.एस.के. फाउण्डेशन, जयपुर द्वारा आयोजित देवर्षि नारद जयंती एवं पत्रकार सम्मान समारोह में सम्मानित पत्रकारों (कॉलम I) एवं उनकी संबंधित मीडिया श्रेणी (कॉलम II) को सुमेलित कर सही विकल्प चुनिए -

कॉलम-I	कॉलम-II
(A) लखबीर सिंह	(i) प्रिंट मीडिया
(B) मदन कलाल	(ii) डिजिटल मीडिया
(C) राम गोपाल जाट	(iii) इलेक्ट्रॉनिक मीडिया

(A) (A)-(iii), (B)-(i), (C)-(ii) ✓

(B) (A)-(i), (B)-(ii), (C)-(iii)

(C) (A)-(iii), (B)-(ii), (C)-(i)

(D) (A)-(ii), (B)-(iii), (C)-(i)

Q.47

मई 2026 में नीति आयोग द्वारा प्रसारित 'स्कूल एजुकेशन सिस्टम इन इंडिया : टेम्पोरल एनालिसिस एंड पॉलिसी रोडमैप फॉर क्वालिटी एनहांसमेंट' रिपोर्ट के अनुसार कक्षा 1 से 12 तक की एकीकृत शिक्षा उपलब्ध करवाने में संपूर्ण देश की लगभग कितनी हिस्सेदारी राजस्थान की है?

(A) 30%

(B) 25% ✓

(C) 20%

(D) 35%

Q.48

अप्रैल 2026 में, दुर्लभ 'लाफिंग एपिलेप्सी' के लिए उन्नत सर्जरी करने वाला राजस्थान का पहला अस्पताल है -

(A) एस.एम.एस. अस्पताल, जयपुर

(B) जे.एल.एन. अस्पताल, अजमेर

(C) एम्स, जोधपुर ✓

(D) पी.बी.एम. अस्पताल, बीकानेर

Q.49

अप्रैल 2026 में काहिरा (इजिप्ट) में आयोजित आई.एस.एस.एफ. जूनियर वर्ल्ड कप में राजस्थान की किस निशानेबाज खिलाड़ी ने भाग लिया?

(A) बरखा शर्मा
(B) तिशा जिंदल
(C) ख्वाहिश शर्मा ✓
(D) मोना अग्रवाल

Q.50

राजस्थान बजट 2026-27 में, राजस्थान अधिस्वीकृत पत्रकार सम्मान योजना में 60 वर्ष से अधिक आयु के अधिस्वीकृत पत्रकारों को सम्मान राशि (प्रतिमाह) एवं दिवंगत अधिस्वीकृत पत्रकार की पत्नी को देय राशि (प्रतिमाह) क्रमशः कितनी करने का प्रावधान किया है?

(A) 18,000 ₹ एवं 9,000 ₹
(B) 22,000 ₹ एवं 11,000 ₹
(C) 16,000 ₹ एवं 8,000 ₹
(D) 17,000 ₹ एवं 8,500 ₹

Q.51

कृष्णा नदी के संदर्भ में, निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए – (A) यह सबसे बड़ी पूर्व की ओर बहने वाली प्रायद्वीपीय नदी है। (B) इसका उद्गम सह्याद्रि में महाबलेश्वर के निकट होता है। (C) कोयना, तुंगभद्रा और भीमा इसकी प्रमुख सहायक नदियाँ हैं। (D) इसके कुल जलग्रहण क्षेत्र का सर्वाधिक भाग कर्नाटक में स्थित है। उपरोक्त में से कौनसे कथन सत्य हैं?

(A) केवल (B) और (C) ✓
(B) केवल (A) और (B)
(C) केवल (A), (C) और (D)
(D) केवल (B), (C) और (D)

Q.52

निम्नलिखित में से कौनसी भौतिक आकृति अफ्रीका महाद्वीप में अवस्थित नहीं है?

(A) कटंगा पठार
(B) बी पठार
(C) कास्केड रेंज ✓
(D) ड्रेकन्सबर्ग पर्वत

Q.53

भारत में सितम्बर के महीने में, पूर्वी जेट की सामान्य स्थिति होती है –

(A) 15° उत्तरी अक्षांश के आसपास ✓
(B) 22° उत्तरी अक्षांश के आसपास
(C) 8° उत्तरी अक्षांश के आसपास
(D) 30° उत्तरी अक्षांश के आसपास

Q.54

खारदुंग-ला दर्रा अवस्थित है -

(A) कैलाश श्रेणी में
(B) लद्दाख श्रेणी में ✓
(C) जास्कर श्रेणी में
(D) पूर्वी हिमालय में

Q.55

विभिन्न देशों के निम्नलिखित क्षेत्रों पर विचार कीजिए -
(A) फ्लोरिडा
(B) दक्षिण-पश्चिमी ऑस्ट्रेलिया
(C) मध्य चिली
उपर्युक्त में से किन क्षेत्रों में केवल सर्दियों में ही पछुआ पवनें चलती हैं?

(A) (A), (B) तथा (C)
(B) केवल (C)
(C) केवल (B) तथा (C) ✓
(D) केवल (A)

Q.56

निम्नलिखित में से कौनसा 'जैव विविधता सम्मेलन (CBD)' के तीन प्राथमिक उद्देश्यों में शामिल नहीं है?

(A) आनुवंशिक संसाधनों से उत्पन्न होने वाले लाभों का निष्पक्ष और समान बंटवारा
(B) जैव विविधता के घटकों का टिकाऊ उपयोग
(C) जैव विविधता का संरक्षण
(D) स्थानीय जनजातियों द्वारा वन संसाधनों के उपयोग की अनुमति ✓

Q.57

निम्नलिखित में से कौनसी एक उष्णकटिबंधीय आर्द्र पर्णपाती वन की सबसे प्रमुख प्रजाति है?

(A) महोगनी
(B) शीशम
(C) सागवान ✓
(D) जामुन

Q.58

विश्व के सर्वाधिक जनसंख्या वाले शीर्ष दस देशों में सर्वाधिक जनसंख्या घनत्व वाले देश हैं -

(A) ब्राज़ील तथा भारत
(B) ब्राज़ील तथा नाइजीरिया
(C) बांग्लादेश तथा भारत ✓
(D) बांग्लादेश तथा पाकिस्तान

Q.59

निम्नलिखित फसलों पर विचार कीजिए –
(A) कॉफी
(B) रबड़
(C) कोको
(D) गन्ना
उपर्युक्त में से कौनसी रोपण फसलें हैं?

(A) केवल (B), (C) और (D)
(B) (A), (B), (C) और (D) ✓
(C) केवल (B) और (C)
(D) केवल (A), (B) और (C)

Q.60

ग्लोबल एन्वायरनमेंट आउटलुक-7 (GEO-7) के अनुसार, विश्व की कुल अनुमानित आठ मिलियन में से कितनी प्रजातियों के विलुप्त होने का खतरा है?

(A) 1 मिलियन ✓
(B) ½ मिलियन
(C) 2 मिलियन
(D) 1.5 मिलियन

Q.61

भारत सरकार ने निम्न में से किस बजट में न्यूनतम समर्थन मूल्य को उत्पादन की लागत के डेढ़ गुना पर निर्धारित करने के सिद्धान्त की घोषणा की थी?

(A) संघीय बजट 2022-23
(B) संघीय बजट 2018-19 ✓
(C) संघीय बजट 2019-20
(D) संघीय बजट 2017-18

Q.62

पीएम ई-ड्राइव योजना के संबंध में निम्न में से कौनसा कथन सही नहीं है?

(A) यह ई-ट्रकों और ई-एंबुलेंसों को कवर नहीं करती है। ✓
(B) यह चार्जिंग अवसंरचना के लिए वित्तपोषण का समर्थन करती है।
(C) यह इलेक्ट्रिक दोपहिया और इलेक्ट्रिक तिपहिया वाहनों के लिए माँग प्रोत्साहन प्रदान करती है।
(D) पीएम ई-ड्राइव योजना वर्ष 2024 में शुरू की गई थी।

Q.63

आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, भारत के सेवा क्षेत्र के बारे में निम्न में से कौनसे कथन सही हैं?
(i) भारत का सेवा क्षेत्र सकल जोड़े गये मूल्य में आधे से अधिक का योगदान देता है।
(ii) भारत विश्व का सातवाँ सबसे बड़ा सेवाओं का निर्यातक है।
(iii) वर्ष 2024 में विश्व सेवा व्यापार में भारत का हिस्सा करीब 7.5 प्रतिशत था।
कूट -

(A) केवल (i) और (ii) सही हैं ✓
(B) सभी (i), (ii) और (iii) सही हैं
(C) केवल (ii) और (iii) सही हैं
(D) केवल (i) और (iii) सही हैं

Q.64

आर्थिक सर्वेक्षण 2025-26 के अनुसार, वर्ष 2023 के प्रतिस्पर्धी औद्योगिक प्रदर्शन के सन्दर्भ में विश्व में भारत का स्थान क्या था?

(A) 39वाँ
(B) 40वाँ
(C) 34वाँ
(D) 37वाँ ✓

Q.65

वाणिज्य विभाग भारत सरकार की वार्षिक रिपोर्ट 2025-26 के अनुसार, वर्ष 2024-25 के लिए भारत की शीर्षतम दो निर्यात वस्तुएँ थीं -

(A) दूरसंचार (टेलीकॉम) उपकरण, मोती एवं कीमती पत्थर
(B) पेट्रोलियम उत्पाद, मोती एवं कीमती पत्थर
(C) लोहा एवं इस्पात, स्वर्ण आभूषण
(D) पेट्रोलियम उत्पाद, दूरसंचार (टेलीकॉम) उपकरण ✓

Q.66

भारत की एक्ट ईस्ट नीति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
(i) एक्ट ईस्ट नीति भारत-प्रशांत क्षेत्र में विस्तारित पड़ोस पर केंद्रित है।
(ii) एक्ट ईस्ट नीति का केंद्र आसियान है।
सही उत्तर का चयन कीजिए -

(A) केवल (i) सही है
(B) दोनों (i) तथा (ii) सही हैं ✓
(C) केवल (ii) सही है
(D) न तो (i) तथा ना ही (ii) सही है

Q.67

1935 के भारत शासन अधिनियम की धारा 15 के अनुसार, वित्त से जुड़े किसी भी मामले पर संघीय सरकार (फेडरल गवर्नमेंट) को सलाह किसके द्वारा दी जाती थी?

(A) वित्तीय सलाहकार ✓
(B) गवर्नर-जनरल
(C) गवर्नर-जनरल सहित मंत्रिपरिषद
(D) वित्त मंत्री

Q.68

सन् 2025 में, भारत के प्रधानमंत्री, नरेन्द्र मोदी, शंघाई सहयोग संगठन के राष्ट्राध्यक्षों की परिषद की बैठक में भाग लेने किस देश में गये थे?

(A) जापान
(B) रूस
(C) चीन ✓
(D) कज़ाकिस्तान

Q.69

भारत के संविधान के अनुच्छेद 46 में निम्नलिखित में से किसका उल्लेख नहीं किया गया है?

(A) अनुसूचित जातियों का
(B) अन्य दुर्बल वर्गों का
(C) अनुसूचित जन-जातियों का
(D) अन्य पिछड़े वर्गों का ✓

Q.70

भारत की संविधान सभा में 15 अक्टूबर 1949 की स्थिति में सीटों के आवंटन के सम्बन्ध में निम्नलिखित में से कौन सा युग्म सही सुमेलित नहीं है?

(A) हैदराबाद - 16
(B) मैसूर - 8 ✓
(C) भोपाल - 1
(D) यूनाइटेड स्टेट ऑफ राजस्थान - 12

Q.71

संसद तथा राज्यों की विधानसभाओं के चुनावों से उत्पन्न संदेहों और विवादों के निपटारे के लिए निर्वाचन न्यायाधिकरण की नियुक्ति करने की निर्वाचन आयोग की शक्ति को भारत के संविधान में किये गए निम्नलिखित में से कौनसे संशोधन द्वारा हटा दिया गया था?

(A) 17वें
(B) 20वें
(C) 18वें
(D) 19वें ✓

Q.72

26 नवम्बर 1949 को संविधान को अंगीकृत करने के पश्चात्, भारत की संविधान सभा के अस्तित्व के सम्बन्ध में कौनसा कथन सही है?

(A) वह प्रथम निर्वाचित संसद के गठन तक भारत की अस्थायी संसद के रूप में कार्य करती रही। ✓
(B) वह 1952 तक संसद के उच्च सदन के रूप में कार्य करती रही।
(C) वह भारत सरकार अधिनियम, 1935 के अन्तर्गत संघीय कार्यपालिका के रूप में कार्य करती रही।
(D) वह तुरन्त भंग कर दी गई और उसका अस्तित्व समाप्त हो गया।

Q.73

भारतीय संविधान के अनुच्छेद 74 के सम्बन्ध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
(i) राष्ट्रपति, अपने कार्यों के निष्पादन में मंत्रिपरिषद की सलाह के अनुसार कार्य करेगा।
(ii) मंत्रियों द्वारा दी गई सलाह की न्यायिक जांच की जा सकती है।
(iii) राष्ट्रपति एक बार मंत्रिपरिषद से उसकी सलाह पर पुनर्विचार करने के लिए कह सकता है।
सही उत्तर चुनिए -

(A) केवल (i) और (ii)
(B) केवल (i) और (iii) ✓
(C) (i), (ii) और (iii)
(D) केवल (ii) और (iii)

Q.74

संसद के जीवनकाल से सम्बन्धित निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
(I) आपातकाल की अवधि के दौरान संसद द्वारा अपने जीवनकाल को एक बार में छह मास से अधिक अवधि के लिए नहीं बढ़ाया जा सकता।
(II) आपातकाल की उद्घोषणा के प्रवृत्त न रहने के पश्चात्, बढ़ी हुई अवधि एक वर्ष के आगे विस्तारित नहीं की जा सकती।
उपर्युक्त में से सही कथन/कथनों का चयन कीजिए -

(A) दोनों (I) एवं (II) सही हैं
(B) न तो (I) ना ही (II) सही है ✓
(C) केवल (I) सही है
(D) केवल (II) सही है

Q.75

उच्चतम न्यायालय की कानूनी सहायता समिति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार करें -
(i) यदि कोई व्यक्ति समाज के गरीब वर्ग से है, जिसकी वार्षिक आय 5,00,000 ₹ से कम है, तो वह उच्चतम न्यायालय की कानूनी सहायता समिति से मुफ्त कानूनी सहायता पाने का हकदार है।
(ii) इस सहायता में मामले की तैयारी और बहस के लिए एक अधिवक्ता उपलब्ध कराने के अलावा, मामले की तैयारी और उससे जुड़े सभी आवेदनों की लागत शामिल है।
ऊपर दिए गए कथनों में से कौनसा / से सही है/हैं?

(A) केवल (i)
(B) दोनों (i) और (ii) ✓
(C) न तो (i) और ना ही (ii)
(D) केवल (ii)

Q.76

भारत के उपराष्ट्रपति के संबंध में निम्नलिखित कथनों पर विचार कीजिए -
(I) वह राज्यसभा का पदेन सभापति होता है।
(II) भारत के राष्ट्रपति द्वारा उसे राज्यसभा के सभापति पद की शपथ दिलाई जाती है।
सही उत्तर चुनिए -

(A) केवल (II) सही है
(B) (I) व (II) दोनों सही हैं
(C) केवल (I) सही है ✓
(D) न तो (I) ना ही (II) सही है

Q.77

राष्ट्रपति के महाभियोग के संबंध में निम्नलिखित कथनों में से कौनसा सही है?
(i) आरोप संसद के किसी भी सदन द्वारा लगाए जा सकते हैं।
(ii) प्रस्ताव प्रस्तुत करने से पूर्व 14 दिन का नोटिस दिया जाना आवश्यक है।
(iii) प्रस्ताव को कुल सदस्य संख्या के पूर्ण बहुमत से पारित किया जाना चाहिए।
(iv) दूसरा सदन आरोपों की जांच करता है।
सही उत्तर चुनिए -

(A) (i), (ii) और (iv) ✓
(B) (ii) और (iv)
(C) (i), (ii), (iii) और (iv)
(D) (i) और (iii)

Q.78

निम्नलिखित (घटनाएँ-वर्ष) युग्मों पर विचार करें -
(i) संयुक्त राष्ट्र भारत-पाकिस्तान पर्यवेक्षण मिशन - 1965
(ii) भारत और पाकिस्तान ने एक-दूसरे के परमाणु प्रतिष्ठानों और सुविधाओं पर हमला न करने का समझौता किया - 1988
(iii) भारत ने भाड़े के सैनिकों द्वारा किए गए तख्तापलट के प्रयास को विफल करने के लिए मालदीव में सैनिक भेजे - 1989
(iv) भारत और श्रीलंका ने मुक्त व्यापार समझौते (FTA) पर हस्ताक्षर किए - 1997
उपर्युक्त में से कितने सही सुमेलित हैं?

(A) केवल (iii) और (iv)
(B) केवल (i) और (ii) ✓
(C) केवल (ii) और (iii)
(D) (i), (ii), (iii) और (iv)

Q.79

निम्नांकित शब्दावलियों का अवलोकन कीजिए -
(I) वैज्ञानिक दृष्टिकोण
(II) एकात्म मानववाद
(III) ज्ञानार्जन और सुधार की भावना
(IV) राष्ट्रगीत का आदर
उपर्युक्त में से किनका उल्लेख भारत के प्रत्येक नागरिक के मूल कर्तव्यों में हुआ है?

(A) केवल (I) व (IV)
(B) केवल (I) व (III) ✓
(C) केवल (II) व (IV)
(D) केवल (II) व (III)

Q.80

भारत के संविधान के अनुच्छेद 7 के अन्तर्गत, निम्नलिखित में से किस प्रवासी वर्ग को भारत की नागरिकता से वंचित किया गया है?

(A) 1 मार्च 1947 के बाद पाकिस्तान चले गए व्यक्तियों को ✓
(B) 18 जुलाई 1948 के बाद पाकिस्तान चले गए व्यक्तियों को
(C) 15 अगस्त 1947 के बाद पाकिस्तान चले गए व्यक्तियों को
(D) 26 नवम्बर 1949 के बाद पाकिस्तान चले गए व्यक्तियों को

Q.81

मॉस्लो के आवश्यकताओं के पदानुक्रम के अनुसार, यदि कोई विद्यार्थी असुरक्षित महसूस करता है और परिणामस्वरूप उसे अकादमिक अधिगम पर ध्यान केंद्रित करने में कठिनाई होती है, तो यह एक उदाहरण है -

(A) आत्म-वास्तविकरण
(B) सुरक्षा और अपनापन ✓
(C) संज्ञानात्मक आवश्यकताएं
(D) शारीरिक आवश्यकताएं

Q.82

सूची I में दिए गए रक्षा युक्तियों को सूची II में दिए गए उनके उपयुक्त विवरणों से मिलान कीजिए और सही विकल्प चुनिए -

सूची I
रक्षा युक्ति
(a) प्रक्षेपण
(b) प्रतिगमन
(c) उदात्तीकरण
(d) डिनायल

सूची II
विवरण
(1) पहले के व्यवहार की ओर लौटना
(2) अपनी सोच को दूसरों पर आरोपित करना
(3) आवेगों को सामाजिक रूप से स्वीकार्य दिशा में मोड़ना
(4) वास्तविकता को अस्वीकार करना

(A) (a)-(2), (b)-(3), (c)-(1), (d)-(4)
(B) (a)-(1), (b)-(2), (c)-(3), (d)-(4)
(C) (a)-(3), (b)-(1), (c)-(2), (d)-(4)
(D) (a)-(2), (b)-(1), (c)-(3), (d)-(4) ✓

Q.83

नीचे दो कथन दिए गए हैं -

कथन (A) : अधिगम व्यवहार में स्थायी परिवर्तन लाता है।
कथन (B) : परिपक्वता की प्रक्रिया के कारण होने वाले परिवर्तन अधिगमित व्यवहार की श्रेणी में आते हैं।

सही कूट का चयन कीजिए -

(A) दोनों (A) एवं (B) असत्य हैं
(B) (B) सत्य है, किन्तु (A) असत्य है
(C) दोनों (A) एवं (B) सत्य हैं
(D) (A) सत्य है, किन्तु (B) असत्य है ✓

Q.84

एक शिक्षक ने विद्यालय में कुछ ऐसी स्थितियां देखीं, जिनमें से कुछ में छात्रों के कुसमायोजन को रोकने के लिए हस्तक्षेप की आवश्यकता थी। निम्नलिखित में से उन स्थितियों का चयन कीजिए -
(a) शिक्षक का पर्याप्त प्रशिक्षण
(b) अपर्याप्त पाठ्यक्रम
(c) मनोरंजन सुविधाओं का प्रावधान
(d) शिक्षक-छात्र संबंध में संयम

(A) केवल (a) एवं (b)
(B) केवल (b) एवं (d) ✓
(C) केवल (b) एवं (c)
(D) केवल (a) एवं (d)

Q.85

नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें -

कथन (A) : कोई भी दो व्यक्ति बिल्कुल एक जैसे नहीं होते।

कारण (R) : व्यक्तिगत भिन्नताएं वंशानुक्रम और पर्यावरण के कारण उत्पन्न होती हैं।

(A) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की व्याख्या करता है ✓

(B) (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है

(C) (A) असत्य है, (R) सत्य है

(D) (A) सत्य है, (R) असत्य है

Q.86

निम्नलिखित में से कौनसे समालोचनात्मक चिंतन कौशलों के अन्तर्गत अवबोध क्षेत्र में सम्मिलित है?

(a) क्रमबद्ध करना

(b) अनुप्रयोग करना

(c) निष्कर्ष निकालना

(d) वर्णन करना

(e) पहचान करना

(f) व्याख्या करना

सही कूट का चयन कीजिए -

(A) केवल (a), (b), (d) एवं (e)

(B) केवल (b), (c) एवं (d)

(C) केवल (a), (d) एवं (f) ✓

(D) केवल (b), (c) एवं (e)

Q.87

पियाजे के अनुसार, निम्नलिखित में से कौनसी संज्ञानात्मक प्रक्रियाएं, बच्चे औपचारिक संक्रियात्मक अवस्था में प्रदर्शित करते हैं, किन्तु मूर्त संक्रियात्मक अवस्था में नहीं? (a) समस्या के सभी संभावित समाधानों के साथ व्यवस्थित विश्लेषण (b) तार्किक दृष्टिकोण (c) एकाधिक वर्गीकरण (d) उच्च क्रम संरचना का उपयोग (e) वर्ग समावेशन सही कूट का चयन कीजिए -

(A) केवल (a), (b) एवं (d) ✓

(B) केवल (b), (c) एवं (d)

(C) सभी (a), (b), (c), (d) एवं (e)

(D) केवल (a), (b), (c) एवं (d)

Q.88

प्रभावशाली सामाजिक अधिगम सिद्धांत (अल्बर्ट बंडूरा) ने मॉडलिंग को विकास के एक शक्तिशाली स्रोत के रूप में महत्त्व दिया, लेकिन बाद में इस सिद्धांत ने सामाजिक विकास में ..... के महत्त्व पर बल दिया।

(A) प्रेक्षणात्मक अधिगम

(B) सामाजिक संज्ञान ✓

(C) अनुप्रयुक्त व्यवहार विश्लेषण

(D) अनुकरण

Q.89

नीचे दो कथन दिए गए हैं - **कथन (A)** : मनोविश्लेषण सिद्धांत हमें बताता है कि मानव व्यवहार का एक बड़ा भाग अवचेतन प्रेरकों द्वारा नियंत्रित होता है। **कथन (B)** : व्यक्तित्व आकलन की प्रत्यक्ष विधियां हमारे व्यवहार के अवचेतन भाग को उजागर कर सकती हैं। सही कूट का चयन कीजिए -

(A) (B) सही किन्तु (A) गलत है
(B) (A) एवं (B) दोनों कथन सही हैं
(C) (A) सही किन्तु (B) गलत है ✓
(D) (A) और (B) दोनों कथन गलत हैं

Q.90

ग्राहम वालस के अनुसार, सृजनात्मकता की अवस्थाओं के बारे में निम्नलिखित में से कौनसे कथन सही हैं?
(a) वह अवस्था जिसमें व्यक्ति समस्या को समझने का प्रयास करता है, वह तैयारी की अवस्था होती है।
(b) सत्यापन अवस्था वह समय समाप्ति चरण है, जिसमें व्यक्ति किसी भी गतिविधि में शामिल नहीं होता है।
(c) उष्मायन अवस्था में व्यक्ति को अचानक समस्या के समाधान के बारे में अंतर्दृष्टि प्राप्त होती है।
(d) प्रेरणा की अवस्था में नवीन विचार और नई संभावनाएं उभरती हैं।
सही कूट का चयन कीजिए -

(A) केवल (b) एवं (c)
(B) केवल (a), (c) एवं (d)
(C) केवल (a), (b) एवं (d)
(D) केवल (a) एवं (d) ✓

Q.91

21वीं सदी के कौशलों के संदर्भ में, अधिगम कौशलों के तहत 4Cs का समर्थन किया जाता है। निम्नलिखित में से कौनसा 4Cs के अंतर्गत सार्थक श्रेणी को नहीं दर्शाता है?

(A) संप्रेषण
(B) प्रतिस्पर्धा ✓
(C) आलोचनात्मक चिंतन
(D) सृजनात्मकता और नवाचार

Q.92

नीचे दो कथन दिए गए हैं, एक को कथन (A) और दूसरे को कारण (R) के रूप में चिन्हित किया गया है। दोनों कथनों को ध्यानपूर्वक पढ़ें और नीचे दिए गए विकल्पों में से सही उत्तर चुनें -
कथन (A): पूर्व अनुभव, अंतर्दृष्टि अधिगम में सहायता करता है।
कारण (R): अन्तर्दृष्टि अधिगम, संबंधों के प्रत्यक्षीकरण पर निर्भर नहीं करता है।

(A) (A) सत्य है, (R) असत्य है ✓
(B) (A) असत्य है, (R) सत्य है
(C) (A) और (R) दोनों सत्य हैं तथा (R), (A) की व्याख्या करता है
(D) (A) और (R) दोनों सत्य हैं लेकिन (R), (A) की व्याख्या नहीं करता है

Q.93

निम्नलिखित में से कौनसी क्षमता, मेयर और सेलोवे द्वारा प्रस्तावित संवेगात्मक बुद्धिमत्ता के 'एकीकृत मॉडल' में शामिल नहीं है?

(A) संवेगों को प्रत्यक्षीकृत करना और अभिव्यक्त करना
(B) संवेगों को समझना और उनका विश्लेषण करना
(C) संबंधों में संवेगों का आकलन करना ✓
(D) विचारों में संवेगों को आत्मसात करना

Q.94

निम्नलिखित में से कौनसा कथन अधिगम के सबसे सरल रूप - शास्त्रीय अनुबंधन के सिद्धांत के तौर पर अनुपयुक्त है?

(A) अनुबंधित उद्दीपक आमतौर पर अन्य प्रतिस्पर्धी उद्दीपकों से अलग होता है।

(B) अनुबंधन होने से पहले तटस्थ उद्दीपक को अनानुबंधित उद्दीपक के साथ कई बार जोड़ा जाना चाहिए।

(C) अनानुबंधित उद्दीपक, अनुबंधित उद्दीपक से पहले आना चाहिए। ✓

(D) अनुबंधित उद्दीपक और अनानुबंधित उद्दीपक बहुत निकट होने चाहिए।

Q.95

शैक्षिक मनोविज्ञान के क्षेत्र से संबंधित नीचे दो कथन दिए गए हैं -

** (A) ** शिक्षक की अभिक्षमता एवं शिक्षण में किए गए किन्हीं भी नवाचारों के मापन, 'अधिनियम प्रक्रिया के मूल्यांकन' में सम्मिलित किया जाता है।

** (B) ** 'अधिगम प्रक्रिया के मूल्यांकन' के अंतर्गत, तत्काल प्रतिपुष्टि और परिणामों का ज्ञान शिक्षार्थी की प्रेरणा को बढ़ाता है।

सही विकल्प का चयन कीजिए -

(A) दोनों कथन (A) एवं (B) सत्य हैं

(B) कथन (A) सत्य है, किन्तु (B) असत्य है

(C) कथन (A) असत्य है, किन्तु (B) सत्य है ✓

(D) दोनों कथन (A) एवं (B) असत्य हैं

Q.96

निम्नलिखित में से कौनसा कथन मनोविज्ञान और शैक्षिक मनोविज्ञान के अध्ययन क्षेत्र में स्पष्ट अंतर बताता है?

(A) शिक्षार्थियों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करना और उनके व्यक्तित्व का सर्वांगीण विकास करना।

(B) शिक्षार्थियों के व्यवहार का उनके शैक्षिक वातावरण के संबंध में अध्ययन करना।

(C) इसमें सभी जीवित प्राणियों के व्यवहार और उनकी सभी जीवन की गतिविधियों को शामिल किया जाता है। ✓

(D) शिक्षा का विज्ञान मुख्य रूप से शिक्षण-अधिगम की समस्याओं से संबंधित है।

Q.97

स्टर्नबर्ग के त्रितंत्रीय बुद्धि सिद्धांत के अनुसार, निम्नलिखित बुद्धि के प्रकारों को उनके कार्यों के साथ सुमेलित कीजिए -

बुद्धि का प्रकार

(a) घटकीय बुद्धि

(b) अनुभवात्मक बुद्धि

(c) संदर्भात्मक बुद्धि

कार्य

(i) रोजमर्रा की जिंदगी में सामने आने वाली पर्यावरणीय मांगों से निपटना

(ii) समस्या का समाधान करने के लिए सूचनाओं का विश्लेषण करना

(iii) पूर्व अनुभवों का उपयोग करके नई समस्याओं को रचनात्मक रूप से हल करना

(A) (a)-(iii), (b)-(i), (c)-(ii)

(B) (a)-(ii), (b)-(iii), (c)-(i) ✓

(C) (a)-(i), (b)-(ii), (c)-(iii)

(D) (a)-(ii), (b)-(i), (c)-(iii)

Q.98

'विकासात्मक पैटर्न में पूर्वानुमानित विशेषताएं होती हैं।' निम्नलिखित में से कौनसा सिद्धांत इस कथन को सही सिद्ध नहीं करता है?

(A) विभिन्न क्षेत्रों में एकरूप विकासात्मक दर का सिद्धांत ✓

(B) विकासात्मक निरंतरता का सिद्धांत

(C) समान विकासात्मक पैटर्न का सिद्धांत

(D) सामान्य से विशिष्ट प्रतिक्रियाओं का सिद्धांत

Q.99

कक्षा में विद्यार्थियों के अधिगम में अंतर स्पष्ट रूप से दिखाई देता है। निम्नलिखित में से कौनसा कथन विद्यार्थियों के अधिगम संबंधी इन अंतरों का स्पष्टीकरण नहीं है?

(A) विद्यार्थियों की अधिगम शैलियां आपस में समरूप होती हैं। ✓

(B) कुछ विद्यार्थी अधिक आसानी से सीख जाते हैं, जबकि कुछ को सीखना कठिन लगता है।

(C) कक्षा का अधिगम वातावरण भी विद्यार्थियों की व्यक्तिगत प्रकृति पर निर्भर करता है।

(D) अधिगम की एक विधि कुछ विद्यार्थियों के लिए अनुकूल होती है, जबकि अन्य के लिए नहीं।

Q.100

जब कोई व्यक्ति किसी दूसरे व्यक्ति के व्यवहार और संवेगों पर इच्छित प्रभाव उत्पन्न करता है, तो यह किस मनो-सामाजिक प्रेरक को इंगित करता है?

(A) संबद्धता की आवश्यकता

(B) शक्ति की आवश्यकता ✓

(C) अन्वेषण की आवश्यकता

(D) उपलब्धि की आवश्यकता



Testline app में यह पूरा पेपर solution के साथ हल करें

testline.in